Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांक– BMSIC/80010/25-2013/2820

दिनांक–01/12/16

निबंधित डाक से

Email के माध्यम से

प्रेषक,

पंकज कुमार
उपमहाप्रबंधक(परियोजना)

सेवा में,

श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
मकान सं0–140, न्यु मार्केट,
कुलीपाड़ा, कटिहार,
पिन–854105।

विषयः– जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय–सह–आवास भवन, किशनगंज का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने पर डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक– BMSIC/80010/25-2013/2195 दिनांकः–25.11.2015, पत्रांक– BMSIC/80010/25-2013/2640 दिनांकः–17.11.2016 एवं पर्यवेक्षण परामर्शी का ज्ञापांकः– EDMAC/REC/BS-01/02/16 दिनांकः– 04.10.2016।

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित परियोजना का कार्यादेश दिनांक– 16.08.2013 को निर्गत किया गया एवं इस कार्य हेतु दिनांक– 06.05.2014 को भूखण्ड भी उपलब्ध करा दिया गया। कार्यादेश के कंडिका 5 के अनुसार भूखण्ड उपलब्धता की तिथि से कार्य पूर्ण करने की कुल अवधि 12 माह अर्थात 05.05.2015 तक थी। परंतु 30 माह बीत जाने के पश्चात भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। विदित है कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रासंगिक पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से अनेकों बार निदेशित किया गया, फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नही पहुँच पा रहा है।

o/c

अतः उपरोक्त विषयांकित कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण आपको किसी भी निविदा में भाग लेने हेतु डिबार किया जाता है। साथ ही निदेश दिया जाता है कि एक माह के अंदर कार्य पूर्ण कराया जाए अन्यथा विषयांकित कार्य का एकरारनामा रदद कर आपके सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए नियमानुसार अन्य कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

विश्वासभाजन

30/11/16

उपमहाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांक– BMSIC/80010/25-2013/2820

दिनांक–01/12/16

प्रतिलिपिः–श्री आशीष कुमार सिंह, प्रबंधक (परियोजना), पूर्णियाँ प्रमंडल, BMSICL / EDMAC Engineering Consultant (India) Pvt. Ltd, G-1/L.G.F, South Extension-II, New Delhi-110049, India को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि संबंधित संवेदक से संपर्क स्थापित कर विषयांकित परियोजना एक माह के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

30/11/16

उपमहाप्रबंधक (परियोजना)

(कु0पू0उ0)

5th floor, Biscomaun Bhavan, Gandhi Maidan, Patna 800 001
Phone: +91 612 2219634; Fax: +91 612 2219635
www.bmsicl.gov.in